# भारत कोई अब धर्मशाला नहीं है

## सुरक्षा एजेंसियां भविष्य के लिए 20 साल बाद की तैयारी करें : शाह

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. गृह मंत्री अमित शाह ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज सम्मेलन में देश की आंतरिक और सीमा सुरक्षा को लेकर सरकार की प्राथमिकताएं सामने रखीं. उन्होंने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और देश में रहने का अधिकार केवल नागरिकों को है.**

शाह के मुताबिक, अवैध घुसपैठ देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय संतुलन के लिए खतरा है. उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को घुसपैठ से मुक्त करना है. उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में सुरक्षा व्यवस्था को केवल मौजूदा खतरों तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि आने वाले 15 से 20 वर्षों की चुनौतियों का अनुमान लगाना जरूरी है.

**आतंक पर लगातार हो प्रहार:** गृह मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ सरकार की रणनीति पर भी बात की. उन्होंने आतंकवाद को समाप्त करने और उससे जुड़े पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए प्रहार रणनीति को रोजमर्रा की कार्रवाई में लागू करने पर जोर दिया. उन्होंने दावा किया कि नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद जैसी आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों को सरकार ने काफी हद तक खत्म किया है. इसके लिए उन्होंने राज्य पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के समन्वय को महत्वपूर्ण बताया.

### 274 भगोड़े वापस लाए गए

शाह ने विदेशों में रह रहे भगोड़ों के खिलाफ कार्रवाई का भी आंकड़ा साझा किया. 2019 से 2026 के बीच करीब 274 भगोड़ों को विदेश से भारत वापस लाया गया. उन्होंने राज्यों से लक्ष्य निर्धारित कर विदेश में मौजूद आरोपियों को भारतीय कानून के दायरे में लाने की दिशा में काम करने को कहा.



# सीएम सैनी ने बांटे 13 करोड़ के नकद पुरस्कार

- हरियाणा के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते
- कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेताओं का किया सम्मान

**चंडीगढ़, 26 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 के पदक विजेताओं एवं प्रतिभागियों के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया.**

इस अवसर पर 24 खिलाड़ियों को 13 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए. शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, सांसद रेखा शर्मा, मेयर श्यामलाल गुप्ता, खेल विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार, खेल विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता, , खिलाड़ी और उनके परिजन उपस्थित रहे.

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए कहा कि किसी खिलाड़ी की कहानी पदक से शुरू नहीं होती. उसकी कहानी उस मिट्टी से शुरू होती है, जहां उसने पहली बार दौड़ना सीखा, उस मैदान से जहां उसने पहली बार हार का सामना किया और उन सुबहों से, जब बाकी दुनिया सो रही होती है और वह अपने सपने के लिए पसीना बहा रहा होता है. उसके पीछे माता-पिता का विश्वास, गुरु का अनुशासन और हर हार के बाद फिर उठ खड़े होने का संकल्प होता है. देश की कुल आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी महज 2 प्रतिशत है, लेकिन इन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 122 खिलाड़ियों में 24 खिलाड़ी हरियाणा के थे और इनमें से लगभग हर दूसरा खिलाड़ी पदक लेकर लौटा. हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक जीते, जिनमें 7 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं. इस प्रकार देश की कुल पदक संख्या में हरियाणा के खिलाड़ियों का योगदान 28 प्रतिशत से अधिक रहा है. यह महज आंकड़ा नहीं है, बल्कि हरियाणा की खेल प्रतिभा, मेहनत और जुझारूपन की वह ताकत है.




## एक नजर में

### हॉस्टल में आईआईटीएम छात्र ने की खुदकुशी

**सोनीपत/बेगूसराय.** हरियाणा के सोनीपत स्थित आईआईटीएम मुरथल के हॉस्टल में बेगूसराय के बी.फार्म थर्ड ईयर के छात्र प्रणव कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. घटना 23 अगस्त की रात की बताई जा रही है. हॉस्टल के कमरे में प्रणव फंदे से लटका मिला था. सूचना मिलने पर गार्ड और एक सहयोगी ने उसे नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### तेलंगाना में बस-ट्रक की टक्कर में 6 मरे

**हैदराबाद.** तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. हादसा सुबह 5.20 बजे दुर्गापुरम स्टेज के पास हुआ. बस में 43 यात्री सवार थे. टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं. घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है.

### 8 रिश्तेदारों को भूना खुद को गोली मारी

**मोंटाना.** स्टेट्स के मोंटाना राज्य के बिलिंग्स शहर में एक शख्स ने अपने 8 रिश्तेदारों को जान से मार कर दिया और फिर खुद भी सुसाइड कर ली. के बिलिंग्स शहर में हुई इस घटना में शख्स ने जिन आठ रिश्तेदारों को मारा, उनमें चार बच्चे भी शामिल थे. वहीं एक ही परिवार की चार पीढ़ी के लोग थे. परिवार की तरफ से एक प्रवक्ता ने बताया कि बिलिंग्स में एक घर पर रविवार के डिनर के दौरान वारदात को अंजाम दिया.

# भागवत के कार्यक्रम पर भिड़ीं मैरी मिलबेन और जोहरान ममदानी

**वाशिंगटन, 26 अगस्त. मैडिसन स्क्वायर गार्डन में मोहन भागवत के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अमेरिका में राजनीतिक और सामाजिक बहस तेज हो गई है.**

न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी द्वारा आयोजन पर असहमति जताए जाने के बाद अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए ममदानी और कार्यक्रम के विरोध में उठ रही आवाजों पर सवाल खड़े किए. मिलबेन ने अपने पोस्ट में आरोप लगाया कि आयोजन का विरोध करने वाले लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति राजनीतिक विरोध के कारण ऐसा कर रहे हैं. उन्होंने ममदानी और अन्य आलोचकों को निशाने पर लेते हुए समाजवाद और पूंजीवाद को लेकर भी टिप्पणी की. अमेरिकी गायिका ने कहा कि यदि ममदानी या अन्य लोग कार्यक्रम



अमेरिकी सिंगर बोलीं- विरोध करना है तो खुद एमएसजी किराए पर लेकर रैली करे

# संसदीय बोर्ड में होंगे योगी-फडणवीस

- कार्यसमिति गठन के बाद भाजपा में नई चर्चा
- 6 युवा चेहरों के शामिल होने की बड़ी संभावना

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. भाजपा में अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम के बाद अब पार्टी की सबसे ताकतवर इकाई संसदीय बोर्ड में भी बड़े बदलाव की चर्चा है. बोर्ड में भी जेन-जी और जेन-मिलेनियल को संदेश देने के साथ क्षेत्रीय व जातिगत समीकरण साधने पर मंथन हो रहा है.**

11 सदस्यीय संसदीय बोर्ड में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, हाल ही में महासचिव बनाई गईं स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत कम से कम छह नए चेहरे होंगे. पार्टी सूत्रों के मुताबिक नई टीम से बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, डॉ. के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया की छुट्टी तय है. पार्टी संविधान के मुताबिक प्रधानमंत्री अध्यक्ष, निवर्तमान अध्यक्ष, संगठन महासचिव इसके स्वाभाविक सदस्य होते हैं. बोर्ड में बदलाव का कारण जेन-जी और जेन-मिलेनियल को संदेश देने की है. भले ही इस उम्र वर्ग के नेता न हों, मगर पार्टी इस उम्र वर्ग के आसपास के लोगों को शामिल करना चाहती है.

उक्त सूत्र के मुताबिक वैसे भी पीएम मोदी की राजनीति समय के आगे या साथ चलने की रही है. ऐसे में इस बार का संसदीय बोर्ड ऐतिहासिक रूप से सबसे युवा हो सकता है. पहली बार दो महिलाओं को मिल सकता है मौका :संसदीय बोर्ड में पहली बार दो महिलाओं को भी मौका मिल सकता है. योगी व फडणवीस दोनों संघ और प्रधानमंत्री की पसंद माने जाते हैं. इनकी वर्तमान उम्र 54 व 56 वर्ष है. स्मृति 50 वर्ष तो किरेन रिजिजू 54 वर्ष के हैं.



# चंपत राय की डायरी में चढ़ावा चोरी पर कई सवाल


**अयोध्या, 26 अगस्त. राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर सामने आई चंपत राय की डायरी में कई अहम सवाल सदेंह के घेरे में है.**

7 जून को मामला सामने आने के बाद अगले दिन मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और एनबीसीसी के पूर्व चेयरमैन अनूप कुमार अयोध्या पहुंचे थे. करीब दो घंटे चली बातचीत में चंपत राय, पूर्व ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव ने उन्हें घटनाक्रम की जानकारी दी. इसी दौरान पुलिस में एफआईआर नहीं कराने को लेकर सवाल किया गया था.

चंपत राय के अनुसार, उन्होंने जवाब दिया कि यदि मामला पुलिस को सौंप दिया जाता तो पूछताछ और आगे की कार्रवाई के अधिकार पुलिस के पास चले जाते. ऐसे में जांच का परिणाम क्या होगा, इसे लेकर वह निश्चित नहीं थे.

घटना के बाद चंपत राय ने कई संतों से फोन पर संपर्क किया और उन्हें अयोध्या बुलाकर मंदिर परिसर स्थित शेषावतार मंदिर में बैठक करने का उल्लेख किया. उनके मुताबिक, संतों को पूरे मामले की जानकारी दी गई थी.

**तीन दिन तक चोरी दबाए रखी:** डायरी में यह भी दावा किया गया है कि घटना के बाद लगातार तीन दिनों तक लंबी बैठकों के दौरान चढ़ावे की चोरी हुआ सामान वापस हासिल करने का प्रयास किया गया. नोट्स में 9 से 11 जून के बीच की गतिविधियों का भी जिक्र है. चंपत राय ने अपनी तबीयत खराब होने के बावजूद मंदिर परिसर में कई घंटे बैठने की बात लिखी.



समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा पर भी उठे सवाल

डायरी के जरिए हो रही 'भेदिया' की तलाश

### संघ को भी थी पूरी जानकारी

इसके बाद भैयाजी जोशी के साथ बैठक के लिए उन्हें, अनिल मिश्र और गोपाल राव को लखनऊ बुलाए जाने का उल्लेख है. चंपत राय के मुताबिक, उन्होंने अस्वस्थ होने के बावजूद बैठक में जाने का फैसला किया, ताकि घटनाक्रम से संबंधित सभी बातें उनके सामने रखी जा सकें. डायरी में नृपेंद्र मिश्रा की मीडिया गतिविधियों को लेकर भी सवाल दर्ज हैं. चंपत राय ने लिखा कि मिश्रा ने चार दिनों में 14 समाचार चैनलों को इंटरव्यू दिए और चढ़ावा चोरी की घटना को डकैती बताया. इसी संदर्भ में उन्होंने सवाल उठाया कि इतने कम समय में इतनी बातचीत की आवश्यकता क्यों पड़ी और इसके पीछे किसका निर्देश था.

# कर्नाटक की झील में तैरती मिलीं लाशें

**विजयपुरा.** कर्नाटक के विजयपुरा की भूतनाल झील में छह लोगों के शव मिलने से बुधवार को हड़कंप मच गया. सूचना मिलने के बाद जिला फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पानी में तैर रहे सभी शवों को बाहर निकाला. इसके बाद शव पुलिस को सौंप दिए गए. बरामद शवों की स्थिति खराब थी और वे सड़ने लगे थे. फायर टीम ने सभी 6 शवों को पानी से निकालने के बाद पुलिस को सौंप दिया. इसके बाद शवों को एमएलसी और अन्य जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल भेजा गया. पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है. वहीं, शवों की पहचान की जा रही है.

# जेपीएससी-जेएसएससी में सुधार के लिए कमेटी गठित

**रांची, 26 अगस्त. झारखंड सरकार ने राज्य की दो प्रमुख भर्ती संस्थाओं—झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग —की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है.**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है. समिति दोनों आयोगों में कार्यरत पदाधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया तथा सेवा शर्तों की समीक्षा करेगी और आवश्यक सुधारों पर सरकार को अपनी सिफारिश देगी. समिति की अध्यक्षता राज्य के विकास आयुक्त करेंगे. कार्मिक विभाग और वित्त विभाग के सचिव को सदस्य बनाया गया है. सरकार ने समिति को यह जिम्मेदारी दी है कि दोनों आयोगों की संवैधानिक और वैधानिक स्वायत्तता को प्रभावित किए बिना प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनाने के उपाय सुझाए जाएं. समिति जेपीएससी और जेएसएससी में वर्तमान नियुक्ति व्यवस्था की भी समीक्षा करेगी. इसमें यह देखा जाएगा कि आयोगों में किस स्तर के अधिकारी और कर्मचारी किस प्रक्रिया के तहत पदस्थापित किए जाएं.

## आज का इतिहास

- **1303:** दिल्ली सल्तनत ने चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया था.
- **1768:** ब्रिटिश खोजकर्ता जेम्स कुक ने अपने ऐतिहासिक समुद्री अन्वेषण अभियान की शुरुआत की थी.
- **1920:** अमेरिका में संविधान के 19वें संशोधन को लागू किया गया, जिसके तहत महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला.
- **1926:** हिमालय की गोद में बसे गढ़वाल में नरभक्षी तेंदुए के बड़े आतंक का अंत हुआ था.
- **1978:** सिगमुंड येन सोवियत अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष में जाने वाले पहले जर्मन बने थे.

# नशा तस्करों पर सुक्खू सरकार का बड़ा प्रहार

**शिमला, 26 अगस्त.** हिमाचल प्रदेश में नशा तस्करी के खिलाफ सरकार ने अब कार्रवाई का दायरा और व्यापक कर दिया है. केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित रहने के बजाय उनकी अवैध संपत्तियों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि पिछले तीन वर्षों में नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में 63.09 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई है. यह कार्रवाई सरकार के उस अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के आर्थिक नेटवर्क को कमजोर करने पर भी जोर दिया जा रहा है. विधान सभा में उठाए गए सवाल के जवाब में सरकार ने जानकारी दी.

## हस्तियों के ट्वीट



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सावन के आखिरी सोमवार पर पेरिस के एक हिंदू मंदिर में दर्शन किए. उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि उन्हें अचानक यहां आने का मौका मिला और ऐसा लगा जैसे वह हमेशा से इस जगह आने के लिए बनी थीं. प्रीति ने लिखा कि इस मंदिर के दर्शन के बाद उनका पेरिस का छोटा-सा सफर और भी खास और खूबसूरत हो गया. उन्होंने लोगों से पेरिस जाने पर कनापथी मंदिर जरूर जाने की अपील भी की.



आज के दौर में जहां रिश्ते छोटी-छोटी बातों पर टूट जाते हैं, वहां अभिनेता अनुपम खेर और किरण खेर ने शादी के 41 साल पूरे कर लिए हैं. अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि इन 41 वर्षों में प्यार, हंसी, बहस, मतभेद, संघर्ष और खूबसूरत पल सब कुछ रहा. उन्होंने कहा कि दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन यही बात उनके रिश्ते को खास और मजबूत बनाती है.

# राजस्थान में मुख्य न्यायाधीश पर संकट

## सुप्रीम कोर्ट के जज ने तत्काल हटाने सीजेआई को लिखे 3 पत्र

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बड़ा संकट खड़ा हो गया है. उन्हें तत्काल हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता ने पिछले 15 दिनों में सीजेआई सूर्यकांत को तीन पत्र लिख दिए हैं.**

राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को तत्काल पद से हटाने की मांग सुको जज द्वारा क्यों की गई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है. जस्टिस मेहता ने इस संबंध में सीजेआई को 2 अगस्त, 10 अगस्त और 17 अगस्त को अपनी चिट्ठियां भेजीं. तीनों पत्रों में उन्होंने राजस्थान हाईकोर्ट की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव करने और किसी दूसरे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को वहां नियुक्त करने का आग्रह किया. इसमें कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को बदलने का अनुरोध किया गया है. जस्टिस मेहता ने लगातार तीन बार अपनी मांग दोहराते हुए सीजेपी से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया. जस्टिस संदीप मेहता ने अपनी चिट्ठियों में राजस्थान हाईकोर्ट के लिए किसी अन्य हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का सुझाव दिया.


> जस्टिस मेहता की ओर से की गई इस मांग के बाद न्यायपालिका के भीतर राजस्थान हाईकोर्ट की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर चर्चा शुरू हो गई है. हालांकि, उपलब्ध रिपोर्ट में उन पत्रों की पूरी सामग्री सार्वजनिक नहीं की गई है और जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा पर लगाए गए आरोपों का विस्तृत विवरण भी सामने नहीं आया है. मामले की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह पत्र सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज ने सीधे भारत के मुख्य न्यायाधीश को भेजा है.

# लॉरेंस बिश्नोई का साथी दीपक खत्री दिल्ली एयरपोर्ट से अरेस्ट

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. दिल्ली पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथी दीपक खत्री को गिरफ्तार किया है. दीपक खत्री के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी था. दीपक खत्री पर गंभीर आरोप हैं.**

दिल्ली पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथी दीपक खत्री को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है. दीपक लॉरेंस बिश्नोई की कानूनी टीम का सदस्य था. दीपक खत्री के खिलाफ पहले से ही लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था. इस आधार पर उसको एयरपोर्ट पर रोककर पकड़ा गया. उस पर आपराधिक गिरोहों के बीच कड़ी बनकर बातचीत कराने का शक है. अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की कानूनी टीम से जुड़े दीपक खत्री को यहां इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया. दिल्ली पुलिस ने दीपक खत्री के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था.



### पाक में अस्पताल में 15 नवजात जिंदा जले

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान की राजधानी में स्थित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल में हुए भीषण अग्निकांड में 15 नवजात बच्चों की मौत हो गई. हादसा अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में बनी नर्सरी में हुआ. अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, घटना के समय वहां 16 नवजात भर्ती थे. बचाव दल केवल एक बच्चे को सुरक्षित निकाल सका. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, नर्सरी में लगे एयर कंडीशनर के कंप्रेसर में विस्फोट हुआ. इसके बाद वहां आग भड़क उठी और कुछ ही समय में पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया.

**उपलब्धि** | भारत ने बनाया 'वाहक-6' मल्टी-ड्रोन मदरशिप सिस्टम

# हवा में तैनात होंगे एक साथ कई ड्रोन

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. भारत ने ड्रोन आधारित सैन्य अभियानों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में स्वदेशी 'वाहक-6' मल्टी-ड्रोन मदरशिप सिस्टम विकसित किया है. इस प्रणाली को निजी कंपनी एंड्योरएयर ने सरकारी रक्षा कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सहयोग से तैयार किया है.**

सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि एक मदरशिप से एक साथ कई माइक्रो-ड्रोन हवा में तैनात किए जा सकें और उनके जरिए निगरानी से लेकर लक्ष्य की पहचान तथा कार्रवाई तक के काम किए जा सकें. 'वाहक-6' प्रणाली को हेलीकॉप्टर जैसे मदरशिप प्लेटफॉर्म 'सबल-20' पर फिट किया गया है. इसमें 'अलख' माइक्रो-यूएवी शामिल हैं. इन छोटे ड्रोन का इस्तेमाल अलग-अलग भूमिकाओं के लिए किया जाता है.

**दो अलग-अलग वेरिएंट:** उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अलख माइक्रो-यूएवी के अलख-एस और अलख-के दो प्रमुख वेरिएंट हैं. अलख-एस को निगरानी और लक्ष्य की पहचान के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जबकि अलख-के को लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता के साथ तैयार किया गया है.




### निजी कंपनियों को मिलेगी मिसाइल तकनीक

भारत के रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय रक्षा कंपनियों को देश के भीतर उत्पादन के लिए डीआरडीओ द्वारा विकसित सभी पारंपरिक मिसाइल प्रणालियों की तकनीक ट्रांसफर करने की मंजूरी दे दी है. इस फैसले का उद्देश्य मिसाइल प्रणालियों को अनुसंधान और विकास के चरण से औद्योगिक उत्पादन तक पहुंचाना है.

# वंदे मातरम के 2 छंद ही गाएंगे : शिवकुमार

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को वंदे मातरम के गायन को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी कार्यक्रमों के दौरान राष्ट्रगीत के केवल दो शुरुआती छंद गाए जाएंगे. शिवकुमार ने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा और पार्टी के फैसले के साथ हैं तथा इस निर्णय पर कायम रहेंगे. उन्होंने भाजपा पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया. शिवकुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के दौरान एक आयोजन में पूरा वंदे मातरम उनकी जानकारी के बिना गाया गया था. उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में केवल दो छंद गाए जाएंगे. यह विवाद कांग्रेस कार्यसमिति के 19 अगस्त के फैसले के बाद सामने आया है.

# 86 साल पुराना दिल्ली रेस क्लब होगा खाली

- बेदखली के सरकारी आदेश पर हाईकोर्ट का इनकार
- अब मामले की 26 सितंबर को होगी सुनवाई

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 26 अगस्त. दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली रेस क्लब को दिए गए बेदखली के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. क्लब को यह आदेश एस्टेट ऑफिसर ने जारी किया था.**

अदालत ने कहा कि क्लब को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त मौके दिए गए थे, लेकिन उसने इन मौकों का इस्तेमाल नहीं किया. कोर्ट ने कहा कि एस्टेट ऑफिसर ने न केवल केंद्र सरकार की ओर से दाखिल याचिका की कॉपी क्लब को दी थी, बल्कि जवाब दाखिल करने के लिए भी पर्याप्त समय दिया था.

इसके बाद भी क्लब ने कोई जवाब दाखिल नहीं किया. दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के जिला और सत्र न्यायाधीश पितांबर दत्त ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड से साफ है कि एस्टेट ऑफिसर ने क्लब को अपना जवाब और सबूत पेश करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए. लेकिन क्लब ने ऐसा नहीं किया. इसके बाद एस्टेट ऑफिसर को क्लब का जवाब दाखिल करने का अधिकार खत्म करना पड़ा और मामले में आदेश सुरक्षित करना पड़ा.

### लीज नहीं बढ़ाई गई

1994 के बाद केंद्र सरकार की ओर से लीज को आगे बढ़ाने या नवीनीकरण करने वाला कोई दस्तावेज जारी नहीं किया गया. अदालत ने कहा कि सिर्फ लीज की अवधि खत्म होने के बाद किराया देते रहने से लीज अपने आप नवीनीकृत नहीं हो जाती. अदालत ने माना कि क्लब इस मामले में पहली नजर में ऐसा कोई मजबूत आधार नहीं दिखा पाया, जिसके आधार पर 11 अगस्त 2026 को एस्टेट ऑफिसर द्वारा दिए गए बेदखली के आदेश पर रोक लगाई जा सके. इसलिए अदालत ने क्लब की अंतरिम राहत की याचिका खारिज कर दी .अब इस मामले में मुख्य अपील पर 26 सितंबर को सुनवाई होगी.